Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide stoppage of local trains at Bhandup and Vikhroli railway stations in Maharashtra.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): माननीय अध्यक्ष महोदय, पूरे देश में अनलॉक-4 की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुम्बई जैसे शहर में उसके आस-पास के इलाकों से काफी कर्मचारी लोकल ट्रेनों से यात्रा करते हैं। जून माह में लोकल ट्रेनों के परिचालन की शुरुआत तो हो गई, लेकिन केवल ऐसे सरकारी कर्मचारी, जो बैंकों में, पुलिस में, अस्पतालों में या आवश्यक सेवाओं में काम करते हैं, केवल उनके लिए ही इसकी सुविधा है।

महोदय, आपके द्वारा मेरी सरकार से मांग है कि यह सभी के लिए किया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र में भांडुप और विक्रोलो, दो ऐसे रेलवे स्टेशंस हैं, जहां बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी रहते हैं। इन स्टेशनों पर भी उस ट्रेन सेवा के स्टॉपेजेज दिए जाएं, जिसके कारण वे इस ट्रेन में आवाजाही कर सकें। यह तर्क है कि आजू-बाजू के स्टेशनों पर, जहां पर लम्बी दूरी के ट्रेनों का ठहराव है, वहां पर तो ये ट्रेनें रुकती हैं। लेकिन, भांडुप और विक्रोली स्टेशनों पर इनके स्टॉपेज न होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं और उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इन दोनों स्टेशनों पर भी ट्रेनों का ठहराव किया जाए और ट्रेनों की सेवा पूर्ववत की जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री गोपाल शेट्टी,

श्री देवजी पटेल,

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल,

श्री राहुल रमेश शेवाले,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

डॉ. सुजय विखे पाटील,

श्री कुलदीप राय शर्मा एवं

श्री रवि किशन को श्री मनोज कोटक के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी – उपस्थित नहीं ।